# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in


पत्र संख्या- 328/2026

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 20.08.2026

## प्रेस-विज्ञप्ति, दिनांक- 20.08.2026
## थाना- अहरौला एवं तहबरपुर ,जनपद- आजमगढ़

### अहरौला एवं तहबरपुर पुलिस की कार्रवाई में अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के 04 सदस्य घायल/ गिरफ्तार

- अहरौला एवं तहबरपुर क्षेत्र में पुलिस की अलग-अलग मुठभेड़ों में अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार/ घायल।
- गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 तमंचे, जिन्दा/खोखा कारतूस, चोरी के सोने-चांदी के जेवरात, ₹29,230 नगद, XUV-500 वाहन, 05 मोबाइल एवं चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद।
- अहरौला, तहबरपुर, बिलरियागंज एवं जनपद अम्बेडकरनगर में चोरी की कई घटनाओं का खुलासा; पूछताछ में आजमगढ़ सहित गाजीपुर, बलिया, जौनपुर आदि जनपदों में भी चोरी करना स्वीकार।
- गिरफ्तार अभियुक्तों में बरेली निवासी दिलकस, साहिल, वाजिद एवं फैजान शामिल; अभियुक्तों के विरुद्ध बरेली व बदायूं सहित विभिन्न जनपदों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज।
- गिरोह के 04 अन्य सदस्य फरार, गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश एवं तलाश की जा रही है।

### पूर्व की घटना/ इतिहास का विवरण

**थाना अहरौला** क्षेत्र में दिनांक **14/15.08.2026** की रात्रि ग्राम पूराचित्तू (भवरूपुर) में घर की छत के रास्ते प्रवेश कर दरवाजा तोड़कर बक्से एवं अलमारी से जेवरात व नगदी चोरी करने के सम्बन्ध में **मु0अ0सं0 276/2026 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था।

इसी प्रकार ग्राम भवरूपुर में दिनांक **14/15.08.2026** की रात्रि घर में घुसकर बक्से, अटैची एवं अलमारी से जेवरात व नगदी चोरी करने के सम्बन्ध में **मु0अ0सं0 277/2026 धारा 305(ए)/334(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था।

**थाना तहबरपुर** क्षेत्र में दिनांक **17.07.2026** की रात्रि ग्राम ओहनी रामेश्वरपुर में घर की छत के रास्ते प्रवेश कर आलमारी एवं बाक्स का ताला तोड़कर सोने के आभूषण व ₹45,000 नगद चोरी करने के सम्बन्ध में **मु0अ0सं0 114/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस** तथा दिनांक **22.07.2026** को ग्राम रमनीपुर में घर के पीछे के रास्ते से घुसकर अलमारी से जेवरात एवं अन्य सामान चोरी करने के सम्बन्ध में **मु0अ0सं0 116/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था। जिसके संबंध में लगातार गिरफ्तारी हेतु पुलिल टीमों द्वारा दबिश दी जा रही थी।

## मुठभेड़ एवं गिरफ्तारी का विवरण

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अहरौला पुलिस द्वारा दिनांक **20.08.2026 को समय करीब 03:46 बजे** पश्चिमपट्टी महलिया के पास चेकिंग के दौरान तबरपुर की ओर सर्विस लेन से जा रही सफेद रंग की XUV-500 को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास करने पर वाहन सवार बदमाशों/ अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में **दिलकस एवं साहिल** के दाहिने पैर में गोली लगी, जिन्हें गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। मौके से करीब 06 बदमाश थाना तहबरपुर की तरफ फरार हो गये।

इसी क्रम में थाना तहबरपुर पुलिस द्वारा दिनांक **20.08.2026 को समय करीब 04:29 बजे** चकियादुबे रामपुर सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान दुर्वासा ऋषि आश्रम की तरफ से तहबरपुर की ओर आ रहे बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास करने पर वाहन सवार बदमाशों/ अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में **वाजिद के दाहिने पैर तथा फैजान के बांये पैर में गोली लगी**, जिन्हें गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार/ घायल अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1. **दिलकस पुत्र नफीस**, निवासी ग्राम मिलकरोहदी, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 21 वर्ष।
2. **साहिल पुत्र निशाक**, निवासी ग्राम रामनगर, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 22 वर्ष।
3. **वाजिद पुत्र नसीरुद्दीन**, निवासी ग्राम नगरिया कला, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली, उम्र करीब 23 वर्ष।
4. **फैजान पुत्र फरियाद**, निवासी ग्राम रामगंगा, थाना सुभाषनगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 27 वर्ष।

## आपराधिक इतिहास-

### अभियुक्त दिलकस का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 352/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
2. मु0अ0सं0 382/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
3. मु0अ0सं0 391/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
4. मु0अ0सं0 543/2025 धारा 3/4/25 ए एक्ट, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
5. मु0अ0सं0 580/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली।

### अभियुक्त साहिल का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 402/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/27 ए एक्ट, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं।
2. मु0अ0सं0 396/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, थाना उझानी, जनपद बदायूं।
3. मु0अ0सं0 376/2025 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं।
4. मु0अ0सं0 377/2025 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं।

### बरामदगी

**अहरौला पुलिस द्वारा-** 02 तमंचा .315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस, 01 XUV-500 वाहन बिना नम्बर प्लेट, 04 पेचकस, 01 इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 01 कटर, 05 मोबाइल फोन, चोरी के सोने-चांदी के जेवरात तथा **₹29,230/- नगद** बरामद।

**तहबरपुर पुलिस द्वारा-** 01 देशी तमंचा मय जिन्दा कारतूस, 03 खोखा कारतूस तथा घटना से सम्बन्धित अन्य साक्ष्य जैसे खूनालूदा/सादा मिट्टी, चांस फिंगर प्रिन्ट, हैण्ड स्वाब एवं सादा कॉटन नमूना बरामद।

**पूछताछ का विवरण**

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि गिरोह के सदस्य हाईवे के आसपास वाहन खड़ा कर नजदीकी गांवों में घरों की छत के रास्ते प्रवेश कर ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी करते थे। चोरी के बाद निर्धारित स्थान पर पहुंचते थे, जहां SUV वाहन चालक उन्हें लेकर फरार हो जाता था। अभियुक्तों द्वारा **आजमगढ़ के अलावा गाजीपुर, बलिया, जौनपुर आदि जनपदों** में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देना बताया गया है।

पूछताछ एवं बरामदगी के आधार पर थाना अहरौला क्षेत्र की 02, थाना तहबरपुर क्षेत्र की 02, थाना बिलरियागंज क्षेत्र की 02 तथा जनपद अम्बेडकरनगर के थाना जैतपुर क्षेत्र की 01 चोरी की घटना का अनावरण हुआ है।

**फरार अभियुक्त**

1. दिलशाद पुत्र नसीरुद्दीन
2. आफताब पुत्र जाकिर हुसैन
3. सोनू अली पुत्र शमशेर
4. नेसार पुत्र नसीर

आजमगढ़ पुलिस द्वारा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**पंजीकृत अभीयोग**

मु0अ0सं0 284/26 धारा 109(1) बीएनएस 3/25 5/27 आर्म्स एक्ट थाना अहरौला जनपद आजमगढ़।

मु0अ0सं0 135/26 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 /27 आर्म्स एक्ट थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़।

**गिरफ्तारी/ मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम**

**थाना अहरौला पुलिस टीम-** थानाध्यक्ष मन्तोष सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 नितेश चौबे, उ0नि0 यश सिंह पटेल, उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह सहित पुलिस टीम।

**थाना तहबरपुर पुलिस टीम-** थानाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 सूर्यपाल सहित पुलिस टीम।

**विशेष चोरी अनावरण टीम-** प्रभारी उ0नि0 शशिकांत, आरक्षी विशाल मल्ल, आरक्षी बसंत लाल एवं आरक्षी गुलाम रब्बानी।

**सर्विलांस टीम-** हे0का0 उमेश कुमार यादव एवं आरक्षी दिनेश यादव।

**प्रेस-विज्ञप्ति, दिनांक- 20.08.2026**
**थाना- अहरौला, जनपद- आजमगढ़**

## अहरौला क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्जनपदीय चोरों के गिरोह का पर्दाफाश, मुठभेड़ के दौरान 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

## अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा .315 बोर, 04 कारतूस, चोरी के जेवरात, ₹29,230 नगद, 05 मोबाइल व चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद।

## अहरौला, बिलरियागंज, तहबरपुर व जनपद अम्बेडकरनगर क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं का खुलासा, अंतर्जनपदीय चोर गिरोह का पर्दाफाश।

## गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध बरेली, बदायूं , शाहजहांपुर एवं अम्बेडकर नगर जनपद में चोरी एवं अन्य अपराधों के कई मुकदमे दर्ज; 06 साथी फरार, तलाश में जुटी पुलिस।

### पूर्व की घटना/ इतिहास का विवरण

दिनांक **14/15.08.2026** की रात्रि थाना अहरौला क्षेत्र के ग्राम पूराचित्तू (भवरूपुर) में अज्ञात चोरों द्वारा घर की छत के रास्ते प्रवेश कर दरवाजा तोड़कर बक्से एवं अलमारी से जेवरात व नगदी चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना अहरौला पर **मु0अ0सं0 276/2026 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था।

इसी प्रकार ग्राम भवरूपुर में दिनांक **14/15.08.2026** की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर बक्से, अटैची एवं अलमारी से जेवरात व नगदी चोरी किये जाने के सम्बन्ध में **मु0अ0सं0 277/2026 धारा 305(ए)/334(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था।

पूछताछ एवं बरामदगी से थाना अहरौला के अतिरिक्त **थाना बिलरियागंज क्षेत्र में 02 स्थानों, थाना तहबरपुर क्षेत्र में 02 घरों तथा जनपद अम्बेडकरनगर के थाना जैतपुर क्षेत्र में 01 स्थान पर चोरी की घटनाओं** का भी खुलासा हुआ है।

### मुठभेड़ / गिरफ्तारी का विवरण-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी फूलपुर के कुशल निर्देशन में थाना अहरौला पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम में दिनांक **20.08.2026 को समय करीब 03:46 बजे** रात्रि में थाना अहरौला पुलिस टीम द्वारा **पश्चिमपट्टी महलिया** के पास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की **XUV-500 बिना नम्बर प्लेट** को तबरपुर की तरफ सर्विस लेन से जाते हुए देखा गया। पुलिस टीम द्वारा रोकने का

प्रयास करने पर वाहन सवार बदमाशों/ अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में 02 अभियुक्तों के दाहिने पैर में गोली लगी, जिन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। तथा लगभग 06 बदमाश/ अभियुक्त मौके से फरार हो गयें, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद की पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान **1. दिलकस पुत्र नफीस, निवासी ग्राम मिलकरोहदी, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 21 वर्ष एवं 2. साहिल पुत्र निशाक, निवासी ग्राम रामनगर, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 22 वर्ष** के रूप में हुई। दोनों घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पूछताछ का विवरण

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे हाईवे के पास वाहन खड़ा कर हाईवे के नजदीक स्थित गांवों में 2-3 घंटे के अन्दर घरों में चोरी करते थे तथा चोरी करने के बाद पुनः हाईवे पर पहुंचकर वाहन से फरार हो जाते थे। चोरी के दौरान दरवाजा खोलने के लिए कटर एवं पेचकस का प्रयोग करते थे।

## घायल / गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1. **दिलकस पुत्र नफीस**, निवासी ग्राम मिलकरोहदी, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 21 वर्ष।
2. **साहिल पुत्र निशाक**, निवासी ग्राम रामनगर, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 22 वर्ष।

## बरामदगी का विवरण

- 02 तमंचा .315 बोर
- 02 खोखा कारतूस .315 बोर
- 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर
- 01 XUV-500 वाहन, सफेद रंग, बिना नम्बर प्लेट
- 04 पेचकस
- 01 इलेक्ट्रॉनिक तराजू
- 01 कटर
- 05 मोबाइल फोन
- चोरी के 07 अंगूठी पीली धातु
- 01 मांगटीका पीली धातु
- 02 नथिया पीली धातु
- 01 जोड़ी कान की बाली पीली धातु
- 01 जोड़ी झाला पीली धातु
- 01 जोड़ी कानफूल पीली धातु
- 01 जोड़ी पाजेब सफेद धातु
- 04 जोड़ी पायल सफेद धातु
- 01 करधन सफेद धातु
- **₹29,230/- नगद**

## अभियुक्त दिलकस का आपराधिक इतिहास

6. मु0अ0सं0 352/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
7. मु0अ0सं0 382/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
8. मु0अ0सं0 391/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
9. मु0अ0सं0 543/2025 धारा 3/4/25 ए एक्ट, थाना भमोरा, जनपद बरेली।
10. मु0अ0सं0 580/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली।

## अभियुक्त साहिल का आपराधिक इतिहास

5. मु0अ0सं0 402/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/27 ए एक्ट, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं।
6. मु0अ0सं0 396/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस, थाना उझानी, जनपद बदायूं।
7. मु0अ0सं0 376/2025 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं।
8. मु0अ0सं0 377/2025 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस, थाना बिल्सी, जनपद बदायूं।

## फरार/वांछित अभियुक्त

1. दिलशाद पुत्र नसीरुद्दीन, निवासी नगरिया कला, थाना फतेहगंज, जनपद बरेली।
2. आफताब पुत्र जाकिर हुसैन, निवासी ग्राम चौबारी, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली।
3. सोनू अली पुत्र शमशेर, निवासी खेड़ाबखेड़ा, थाना जेतीपुर, जनपद शाहजहांपुर।
4. वाजिद पुत्र नसीरुद्दीन, निवासी ग्राम नगरिया कला, थाना फतेहगंज, जनपद बरेली।
5. फैजान पुत्र फरियाद, निवासी ग्राम रामगंगा, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
6. नेसार पुत्र नसीर, निवासी ग्राम नगरिया कला, थाना फतेहगंज, जनपद बरेली।

फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## मुठभेड़/ गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम

**थाना अहरौला पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष मन्तोष सिंह
2. उ0नि0 नितेश चौबे
3. उ0नि0 यश सिंह पटेल, चौकी प्रभारी माहुल
4. उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह
5. हे0का0 सुरेन्द्र निषाद
6. हे0का0 राकेश कुमार सिंह
7. का0 अरमान
8. का0 प्रमोद यादव
9. का0 राजेश यादव
10. का0 अभय प्रताप यादव
11. का0 सुधीर प्रजापति
12. का0 लोकेश प्रताप सिंह
13. का0 विनोद कुमार यादव

**विशेष टीम/चोरी अनावरण टीम-**

1. प्रभारी उ0नि0 शशिकांत
2. आरक्षी विशाल मल्ल
3. आरक्षी बसंत लाल
4. आरक्षी गुलाम रब्बानी

**सर्विलांस टीम-**

1. हे0का0 उमेश कुमार यादव
2. आरक्षी दिनेश यादव

**प्रेस-विज्ञप्ति, दिनांक- 20.08.2026**
**थाना- तहबरपुर, जनपद- आजमगढ़**

## मुठभेड़ में 02 अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार, दोनों अभियुक्तों के पैर में लगी गोली

**तहबरपुर क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के 02 सदस्य मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार।**

**गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से देशी तमंचा, खोखा/जिन्दा कारतूस एवं घटना से सम्बन्धित अन्य साक्ष्य बरामद।**

**तहबरपुर क्षेत्र में जुलाई माह में हुई 02 चोरी की घटनाओं का खुलासा, पूछताछ में आजमगढ़ सहित कई जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार।**

### पूर्व की घटना/इतिहास

दिनांक **22.07.2026** को वादिनी श्रीमती हौसिला देवी पत्नी विनोद यादव, निवासी रमनीपुर, थाना तहबरपुर, जनपद आजमगढ़ द्वारा तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा घर के पीछे के रास्ते से घुसकर दो कमरों का ताला तोड़कर अलमारी से उनकी बहू की शादी में मिले जेवरात एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया। इस सम्बन्ध में थाना तहबरपुर पर **मु0अ0सं0 116/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था।

इसी प्रकार दिनांक **17.07.2026** की रात्रि ग्राम ओहनी रामेश्वरपुर में अज्ञात चोरों द्वारा छत के रास्ते घर में प्रवेश कर आलमारी एवं बाक्स का ताला तोड़कर सोने के आभूषण एवं **₹45,000/- नगद** चोरी कर लिया गया था। इस सम्बन्ध में थाना तहबरपुर पर **मु0अ0सं0 114/2026 धारा 305, 331(4) बीएनएस** पंजीकृत किया गया था। दोनों घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था।

## मुठभेड़ एवं गिरफ्तारी का विवरण

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डा0 अनिल कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तहबरपुर पुलिस द्वारा दिनांक **20.08.2026 को समय करीब 04:29 बजे** चकियादुबे रामपुर सर्विस रोड पर चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान **दुर्वासा ऋषि आश्रम की तरफ से तहबरपुर की ओर** जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार, बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में 02 अभियुक्त घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान **वाजिद पुत्र नसीरुद्दीन, निवासी ग्राम नगरिया कला, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली, उम्र करीब 23 वर्ष एवं फैजान पुत्र फरियाद, निवासी ग्राम रामगंगा, थाना सुभाषनगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 27 वर्ष** के रूप में हुई।

अभियुक्त **वाजिद के दाहिने पैर** तथा अभियुक्त **फैजान के बांये पैर** में गोली लगी है।

## पूछताछ का विवरण

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे **गाजीपुर, बलिया, आजमगढ़, जौनपुर सहित विभिन्न जनपदों में** घरों में छत के रास्ते प्रवेश कर ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी करते हैं। चोरी के बाद निर्धारित स्थान पर पहुंचते हैं, जहां SUV वाहन चालक वाहन लेकर पहुंचता है और सभी लोग मौके से फरार हो जाते हैं। अभियुक्तों द्वारा जनपद आजमगढ़ में भी कई स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना बताया गया है।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1. **वाजिद पुत्र नसीरुद्दीन**, निवासी ग्राम नगरिया कला, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली, उम्र करीब 23 वर्ष।
2. **फैजान पुत्र फरियाद**, निवासी ग्राम रामगंगा, थाना सुभाषनगर, जनपद बरेली, उम्र करीब 27 वर्ष।

## बरामदगी

- 01 अदद देशी तमंचा मय जिन्दा कारतूस KF 8 MM
- 01 अदद खोखा कारतूस KF 8 MM
- 02 अदद खोखा कारतूस KF 18 9MM2Z
- खूनालूदा एवं सादा मिट्टी
- 01 अदद दाहिने पैर की चप्पल
- चांस फिंगर प्रिन्ट
- हैण्ड स्वाब एवं सादा कॉटन नमूना

बरामद देशी तमंचा चालू हालत में पाया गया, जिसकी सम्पूर्ण बाडी की तिर्यक लम्बाई 30.04 सेमी, नाल की लम्बाई 19 सेमी, बट की लम्बाई 8.9 सेमी एवं बाडी की लम्बाई 10 सेमी है।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

**थाना तहबरपुर पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह
2. उ0नि0 सूर्यपाल, चौकी प्रभारी सेमरी
3. का0 सुनील यादव
4. का0 प्रभू मौर्या
5. का0 सत्यम सिंह
6. का0 अरविन्द कुमार मौर्या
7. का0 पुष्कर कुमार निषाद
8. का0 प्रदीप कुमार यादव

**विशेष टीम/चोरी अनावरण टीम-**

1. प्रभारी उ0नि0 शशिकांत
2. आरक्षी विशाल मल्ल
3. आरक्षी बसंत लाल
4. आरक्षी गुलाम रब्बानी

**सर्विलांस टीम-**

1. हे0का0 उमेश कुमार यादव
2. आरक्षी दिनेश यादव